सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 151 | इंदौर, सोमवार 15 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में नवीन एमवाय अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

## 'मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही है लगातार वृद्धि'

- 773.07 करोड रुपए लागत से निर्मित होगा 1450 बिस्तरीय नया अस्पताल भवन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में देश और प्रदेश की स्वास्थ सुविधाओं में पिछले 11 वर्षों से लगातार वृद्धि हो रही है। मध्य प्रदेश में नए-नए मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज कॉलेज खोले जा रहे हैं। प्रदेश सरकार नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार आया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में कुल 773.07 करोड रुपए लागत से निर्मित होने वाले 1450 बिस्तरीय अस्पताल के नवीन भवन निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि जिस तरह इंदौर शहर हमारे प्रदेश का गौरव है, उसी तरह इंदौर के एमवाय अस्पताल की भी मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि इंदौर में 1450 बिस्तरीय अस्पताल बन जाने से न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि हमारे पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती जिलों के मरीजों को भी यहां बेहतर स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को मिलाकर इस विभाग को और सशक्त बनाया गया है। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि इंदौर के एमवाय अस्पताल में बोनमेरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को नए अस्पताल भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश भवन विकास निगम द्वारा निर्मित किए जाने वाले नए अस्पताल भवन में मेडिसिन वार्ड में कुल 330 बिस्तर, सर्जरी विभाग में 330 बिस्तर, ऑर्थोपेडिक्स विभाग में 180 बिस्तर, शिशु रोग सर्जरी विभाग में 60, शिशु रोग वार्ड में 100, न्यूरो सर्जरी में 60, नाक कान गला विभाग में कुल 30, दंत रोग विभाग में 20, त्वचा रोग विभाग में कुल 20, मातृ एवं शिशु वार्ड में 100, नेत्र वार्ड में 80 तथा इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए 180 बिस्तरीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। नए अस्पताल भवन में कुल 1450 बिस्तरीय वार्डों के निर्माण पर कुल 528 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसके अलावा 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण पर 21.37 करोड रुपए, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम के निर्माण पर 1.60 करोड रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके अलावा सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण पर 31.50 करोड़ रुपए, विद्युतीकरण, बाउंड्रीवॉल एवं सोलर पैनल स्थापना पर 25.53 करोड रुपए तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लंबिंग एवं वाटर सप्लाई संबंधी कार्यों कार्य पर लगभग 10 करोड रुपए लागत आएगी। इसे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर को दी विकास की अनेक सौगातें

# आने वाले वर्षों में इंदौर देश के अग्रणी महानगरों में होगा शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को ब्रिलियेंट कन्वेशन सेंटर में इंदौर के विकास को नई गति देने के लिये महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकास की अनेक सौगाते दीं। अधोसंरचनात्मक विकास को नई गति देने के लिये कई अहम निर्णय भी बैठक में हुये। इस मैराथन बैठक में इंदौर और उसके विस्तृत मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञों ने सहभागी होकर शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, यातायात, उद्योग, शिक्षा, मेट्रोपॉलिटीनरिजन, पूर्व एवं पश्चिमी बायपास, इकॉनामिक कारिडोर, स्थानीय परिवहन, आईटी, पर्यटन और मास्टर प्लान से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बैठक इंदौर के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी परियोजनाएँ धरातल पर उतरेंगी और इंदौर आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी महानगरों में शामिल होगा।

### भूमिगत होगा मेट्रो का प्रमुख हिस्सा-राज्य सरकार देगी 800–900 करोड़ रुपए

बैठक में मेट्रो परियोजना के रूट निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि मूल प्रस्ताव संशोधित होने के बाद भी समस्याएँ बनी रहीं, इसलिए सुझाव आया कि मेट्रो के मुख्य हिस्से को पूरी तरह भूमिगत किया जाए। मुख्य हिस्से को भूमिगत करने के लिये निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए लगभग 900 करोड़ रुपये का भार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इंदौर के भविष्य को देखते हुए लिया गया है ताकि मेट्रो का अधिकतम लाभ जनता को मिले और यातायात प्रबंधन बेहतर हो।

### एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर की यह परियोजना इंदौर शहर के यातायात के लिये अतिमहत्वपूर्ण है। इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाये। एलिवेटेड कॉरिडोर के जंक्शन, रोटरी, लंबाई आदि पर शीघ्र तकनीकी व जनप्रतिनिधियों की बैठक कर अंतिम डिज़ाइन तय करें। बैठक में बीआरटीएस हटने के बाद शहर में नए वैज्ञानिक ट्रैफिक सर्वे के आधार पर एकीकृत ट्रैफिक प्लान तैयार करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह परियोजना आने वाले 25–50 वर्षों तक इंदौर की ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान देगी।



### इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का होगा विस्तार

#### 14,000 वर्ग किमी में जुड़ेगा पूरा मालवा

बैठक में इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र को भविष्य की दृष्टि से विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में उज्जैन, देवास, धार, रतलाम, नागदा, बदनावर और शाजापुर–मक्सी क्षेत्रों के साथ जोड़कर लगभग 14,000 वर्ग किलोमीटर का मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में पाँच से अधिक बड़े रेलवे जंक्शन,एक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट,उज्जैन और रतलाम के भविष्य के एयरपोर्ट,दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस-वे,दिल्ली–मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर,इंदौर–मनमाड़ रेल लाइन इन्हें आधार बनाकर इंदौर को देश का बड़ा व्यापार–उद्योग–पर्यटन हब बनाने की योजना है।

### हुकुमचंद मिल परियोजना बनेगी देश के लिये मॉडल

बैठक में बताया गया कि हुकुमचंद मिल परियोजना का क्रियान्वयन जल्द प्रारंभ होगा। इस मिल की भूमि का पंजीयन मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के नाम पर हो गया है। भूमि हस्तांतरित कर दी गयी है। सम्पूर्ण 17.5 हेक्टेयर भूमि के विकास के लिये डीपीआर तैयार हो गयी है। निविदा की कार्यवाही प्रचलित है। आगामी तीन वर्षों में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस भूमि का ऐसा विकास किया जाये,जो देश के लिये मॉडल हो। इसमें देश की शीर्षस्थ नियोजकों की मदद ली जाये। बड़े निवेशकों को भी निवेश के लिये प्रोत्साहित किया जाये।

### स्टार्टअप पार्क और अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर—इंदौर को देंगे नई आर्थिक पहचान

बैठक में एमआर-10 के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार्टअप पार्क और कन्वेंशन सेंटर की स्थापना का निर्णय लिया गया। बताया गया कि भारत सरकार भी इस प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने को तैयार है। यह इंदौर को मध्य भारत का सबसे बड़ा इनोवेशन सेंटर बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को नई दिल्ली के भारत भवन के तर्ज पर विकसित किया जाये। बताया गया कि कन्वेंशन सेंटर की लागत 550 से 600 करोड़ के लगभग है। इसे तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका संचालन पीपीपी के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। इसकी इंडोर क्षमता 5 हजार और आउट डोर क्षमता 10 हजार रहेगी।

### इंदौर-पीथमपुर इकोनोमिक कॉरिडोर को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर-पीथमपुर इकोनोमिक कॉरिडोर की समीक्षा भी की। उन्होंने इस कॉरिडोर के निर्माण को गति देने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर अपने पूर्ण स्वरूप में विकसित किया जाये। यह प्रयास किये जायें कि यहाँ तेजी से औद्योगिक ईकाईयाँ स्थापित हों। इसके लिये निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाये तथा भू-स्वामियों को भी आवश्यक मदद दी जाये। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विधायकगणों आदि ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने इंदौर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिये किये जा रहे कार्यों और नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनजागरण के साथ ही महिला शक्ति वाहिनी मोबाईल पेट्रोलिंग सेवा प्रारंभ की गयी है। मध्यस्ता केन्द्र के माध्यम से 66 प्रतिशत शिकायतों का निराकण सुनिश्चित किया गया है। मुस्कान अभियान के तहत इस वर्ष अभी तक गुम हुई 879 बालिकाओं को वापस लाया गया। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर में चल रहे विकास कार्यों तथा प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में विधायक मधु वर्मा, महेंद्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, रमेश मेंदोला, तथा गोलू शुक्ला,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय नीरज मण्डलोई, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे,प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह,संभागायुक्त इंदौर संभाग डॉ. सुदाम खाड़े, कमिश्नर नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे, सचिव गृह अभिषेक सिंह,एमडी मेट्रो कृष्ण चैतन्य,एमडी एमपीआईडीसी चंद्रमौली शुक्ला, आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्रीकांत बनोठ, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सावन सोनकर, प्रताप करोसिया, गौरव रणदिवे, सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मंत्री विजयवर्गीय बोले-

# सीएम साहब, आपके नाम से अधिकारी चमकाते हैं...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के विकास को लेकर आयोजित बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह कह कर चौंका दिया कि मुख्यमंत्री के नाम से अधिकारी डराते हैं। हालांकि यह बात उन्होंने ठहाकों के बीच कही, लेकिन राजनीतिक हलकों में उनकी इस बात के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।**

विकास कार्यों को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक ली। वे जैसे ही




हॉल में पहुंचे तो मंत्री विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री से कहा कि-आप तो कहते हो कि आपके पास इंदौर जिले का प्रभार नहीं है, लेकिन गजट नोटिफिकेशन में तो आपका ही नाम है। सीएम साहब, आपके नाम से अधिकारी चमकाते है। यह बात सुनकर मुख्यमंत्री भी मुस्कुरा दिए, हालांकि उन्होंने मंत्री की बात का कुछ जवाब नहीं दिया। इसके बाद बैठक शुरू हुई। अफसरों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मेट्रो के प्रोजेक्ट को लेकर बताया गया कि 17 किलोमीटर तक मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन हो चुका है। मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट को लेकर भी चर्चा हुई। मोहन सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे हो चुके हैं। इसके उपलक्ष्य में विधायक रमेश मेंदोला ने बापट चौराहे पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कमल के फूलों की माला उन्हें पहनाई गई। एयरपोर्ट से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर तक स्वागत मंच भी लगाए गए थे। स्वागत के बाद मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन किया। इसके बाद वे बैठक के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री इंदौर में शून्य से शिखर सम्मान-2025 में हुए शामिल

# 100 करोड़ का होटल बनाने पर 30 करोड़ और 100 करोड़ का हॉस्पिटल बनाने पर 20 करोड़ की छूट दी जाएगी: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

● अवार्ड फंक्शन में मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को निवेश के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर दिया जोर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को होटल एसेंशिया में आयोजित अग्निबाण के शून्य से शिखर सम्मान -2025 कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदौर का अपना एक रोल है। इंदौर में मेट्रोपोलिटन का नक्शा बनाया गया है, जो भविष्य की योजना को साकार करेगा। जो मेट्रोपॉलिटन का नक्शा बना है, 14000 किलोमीटर का है। उन्होंने कहा कि इंदौर से लेकर रतलाम व रतलाम से लेकर शाजापुर तक सराउंडिंग पूरे क्षेत्र में यह मेट्रोपोलिटन का हमारा नक्शा इंदौर-भोपाल के साथ उसका क्लीन सिटी के रूप में जुड़ाव होगा। साथ ही सीहोर और शाजापुर, राजगढ़ जिले के साथ होगा। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जो भविष्य की दृष्टि से महानगर की श्रेणी में इंदौर का जो क्षेत्र बनेगा। इसी आधार पर भविष्य की इमारतें खड़ी होंगी। निर्माण का अगला पढ़ाव तय होगा। उन्होंने बताया कि हमने इंदौर के विकास की कई परियोजनाओ पर काम किया है।

यहां मेट्रो ट्रेन भी चलेगी और भूमिगत होकर चलेगी। इस कार्य में जो राशि लगेगी सरकार देगी। इसी प्रकार से शहर की खूबसूरती को ख़त्म नहीं करेंगे। एलिवेटेड रोड भी बनेगा, एलिवेटेड रोड से जनता को जहाँ सुविधा होगी वहाँ उन्हें रास्ते भी देंगे। उन्होंने कहा की पाँच साल के अंदर विकास परक बजट डबल किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा की शासन 18 प्रकार के अलग-अलग व्यापार-व्यवसाय की योजनाओं पर काम कर रही है। अलग-अलग प्रकार से नए नवाचारों के आधार पर और क्या-क्या हो सकता है। उन्होंने कहा की अभी नए अवसर तलाशने और बेहतर तकनीक से जुड़ने की आवश्यकता है। ड्रोन टेक्नोलॉजी से लेकर सेमी कंडक्टर तक, आईटी से लेकर हेल्थ तक, इंफ्रास्ट्रक्चर से वेलनेस और टूरिज्म तक, हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारियां जारी है। हर क्षेत्र में इनोवेशन किया जाएगा। मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने में शासन पीछे नहीं रहेगा। यहां 100 करोड़ रुपये का होटल बनाने पर 30 करोड़ रुपये और 100 करोड़ रूपये का हॉस्पिटल बनाने पर 20 करोड़ रूपयेकी छूट दी जाएगी। क्योंकि सरकार को भी राज्य में निवेश के क्षेत्र में आगे बढ़ना है।

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अग्निबाण के प्रधान संपादक राजेश चेलावत, डायरेक्टर किशोर चेलावत, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त संतोष सिंह कलेक्टर शिवम वर्मा उपस्थित रहे।

# पिता ने की बेटी से छेड़छाड़

रूम में छिपकर कपड़े बदलते देख रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके सौतेले पिता विश्वपाल के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप में शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।**

पुलिस के अनुसार, निजी कंपनी में काम करने वाली युवती शनिवार रात अपनी मां के साथ थाने पहुंची। उसने बताया कि शाम को वह अपनी सहेली के घर से लौटकर घर आई थी। नहाने के बाद वह कमरे में कपड़े बदल रही थी, तभी उसके सौतेले पिता पलंग के पीछे छिपकर उसे देख रहे थे। युवती ने ध्यान दिलाया और चिल्लाई, तो विश्वपाल ने उसे धक्का देकर अपनी तरफ खींचने की कोशिश की। इस दौरान युवती की मां भी किचन की तरफ से दौड़ती हुई कमरे में पहुंचीं, लेकिन विश्वपाल ने उन पर भी मारपीट की और बेटी को भी पीटा। पीड़िता ने तुरंत 112 कॉल कर पुलिस को बुलाया। युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी मां का 15 साल पहले तलाक हुआ था और उसके बाद उन्होंने विश्वपाल से दूसरी शादी की। पिछले 2-3 साल से विश्वपाल अक्सर पीड़िता के साथ मारपीट कर रहे थे और उसके पीछे चलते थे। पीड़िता ने कहा कि मां के कारण अब तक सब कुछ सहन किया, लेकिन शनिवार की सुबह वह परेशान होकर अपनी सहेली के घर चली गई थी और शाम को लौटने पर घटना हुई। पुलिस के अनुसार, विश्वपाल खंडवा का रहने वाला है और उसकी तलाश जारी है।

# चकमा देकर भागना अब वाहन चालकों के लिए आसान नहीं होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** यातायात पुलिस को चकमा देकर भागना अब वाहन चालकों के लिए आसान नहीं होगा। चौराहों पर जांच के दौरान भागने वाले वाहन चालकों के टायर किलर की मदद से टायर पंक्चर कर रोका जाएगा। टायर किलर उपकरण अमेरिका के बने हुए है। एक टायर किलर की कीमत 20 रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। टायर किलर नुकीले स्पाइक्स से बनी लंबी पट्टी है, जो सड़क पर फैलाकर रख दी जाती है। जैसे ही संदिग्ध वाहन चालक इसके ऊपर से गुजरेगा, उसके टायर पंक्चर हो जाएगा। पिछले दिनों कमेटी से सहमति मिलने के बाद फिलहाल चार टायर किलर खरीदें है। 8 और आने बाकी हैं। एक टायर किलर की कीमत 20 रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। फिलहाल चार जोन में एक-एक टायर किलर वितरित किए जाएंगे। इस उपकरण को टायर बस्टर, नुकीली पट्टी एवं टायर किलर भी कहते है। इंदौर प्रदेश का पहला शहर है, जहां टायर किलर का प्रयोग शुरू होगा। कई बार वाहन चालक जांच के दौरान संदिग्ध वाहन पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश करता है। टायर किलर के प्रयोग से ऐसे मौके पर यातायात पुलिस को पीछा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जैविक उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी को सराहा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीअन्न फूड फेस्टिवल एवं जैविक महोत्सव का किया अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का अवलोकन कर जैविक महोत्सव को सराहा। यहाँ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर किसानों से जानकारी भी ली। इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुआं पर आयोजित जैविक महोत्सव पर स्थापित गाय की प्रतिमा के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फ़ोटो भी खिंचवाए। इस दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद थे।



# नकाबपोशों ने युवक पर किया फायर

**● गोली युवक की जेब में रखे मोबाइल और एटीएम कार्ड को चीरते हुए पैर में जा लगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राउ इलाके में फायरिंग की घटना सामने आई है। ब्लैक रंग की स्कूटर पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक पर गोली चला दी। गोली युवक की जेब में रखे मोबाइल और एटीएम कार्ड को चीरते हुए पैर में जा लगी, जिससे उसे मामूली चोट आई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए, जबकि पुलिस ने देर रात करीब 2 बजे एफआईआर दर्ज की है।**



राउ पुलिस के अनुसार यह घटना भूतनाथ मंदिर की पार्किंग में शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। यहां रंगवासा निवासी विनय पाटीदार पर दो नकाबपोश युवकों ने अचानक फायर कर दिया। आरोपी ब्लैक रंग की स्कूटर पर सवार होकर मौके पर पहुंचे थे। विनय ने पुलिस को बताया कि फायरिंग के दौरान गोली सीधे उनकी पेंट की जेब में जा लगी। जेब में रखा मोबाइल और उसका कवर बुलेट से फट गया, जबकि पीछे रखा एटीएम कार्ड भी चीर गया। इसके बाद गोली पैर तक पहुंची, जिससे उन्हें हल्की चोट आई। विनय के मुताबिक उन्हें पहले हल्की गर्माहट महसूस हुई, फिर जब मोबाइल निकाला तो वह पूरी तरह टूट चुका था। घटना के बाद विनय ने आसपास मौजूद लोगों को जानकारी दी और फिर थाने पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी में स्कूटर पर सवार दो नकाबपोश बदमाश भागते हुए दिखाई दिए हैं।

विनय ने बताया कि घटना से एक दिन पहले पार्किंग को लेकर उसका एक युवक से विवाद हुआ था। उसी दौरान आरोपी ने उसकी फोटो भी खींच ली थी। विनय का कहना है कि इसके अलावा उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं था और न ही उसे पहले कोई धमकी मिली थी। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू किए, लेकिन एफआईआर देर रात तक दर्ज नहीं की गई। बाद में रात करीब 2 बजे मामला दर्ज किया गया। राउ पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## पतंग लूटने गया नाबालिग हाईटेंशन लाइन में झुलसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। छत्रीपुरा इलाके में रविवार सुबह एक नाबालिग हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलस गया। आसपास के लोगों ने बच्चे को देखा और जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने काफी देर तक उसका उपचार नहीं किया और उसे एमवाय अस्पताल ले जाने की सलाह दी। अस्पताल में मौके पर कर्मचारी न होने के कारण निवासी बच्चे को उठाकर एम्बुलेंस तक ले गए। वर्तमान में बच्चे का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। नाबालिग 50% झुलस चुका है। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार सुबह लकड़ी मंडी इलाके की है। आठ वर्षीय नाबालिग गुड़िया को हाईटेंशन लाइन से झुलसने के बाद पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। मौके पर मौजूद ड्यूटी डॉक्टरों ने बच्चे का उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद प्राथमिक उपचार कर उसे एमवाय अस्पताल भेजने की बात कही। इसके बाद स्थानीय निवासी संदीप पाल और लालू ने बच्चे को स्ट्रेचर पर उठाकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। रहवासियों के अनुसार, गुड़िया के परिजनों को काफी देर बाद सूचना मिली और वे सीधे अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि बच्चे को पतंग लुटते समय करंट लगने की आशंका है। फिलहाल पुलिस यह पता लगा रही है कि किस परिस्थितियों में बच्चे को करंट लगा।

## सुपर कॉरिडोर पर करनी सेना का दो घंटे तक प्रदर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में करनी सेना ने रविवार को दो घंटे तक प्रदर्शन किया। रैली को नहीं जाने देने को लेकर सुपर कॉरिडोर पर टीसीएस चौराहे के पास प्रदर्शन के साथ धरना दिया।**

करनी सेना के पदाधिकारी 21 दिसंबर को हरदा में होने वाली जन क्रांति न्याय आंदोलन यात्रा निकाल रहे हैं। इसके लिए रविवार को करनी सेना द्वारा टीसीएस से विजय नगर तक रैली निकालकर जा रहे थे। करनी सेना प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर का आरोप है कि सीएम के कार्यक्रम के चलते इन्हें यहां रोक दिया गया। आधा घंटा रुकने का बोलकर लगातार रोके रखा। जिसके बाद वे यहां बैठकर ही प्रदर्शन और धरना दिया गया। करनी सेना ने 4 बजे से 6 बजे तक यहां धरना दिया। सुपर कॉरिडोर पर प्रदर्शन के चलते पुलिस ने ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट कर दिया है। सर्विस रोड पर भी कुछ दो पहिया वाहन खड़े हैं उसके कारण गाड़िया धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं। करनी सेना के धरना-प्रदर्शन के बाद अब वाहनों को मुख्य सड़क से भी निकाला जा रहा है। वहीं पुलिस की ओर से रुबीना मिजवान, सहायक पुलिस आयुक्त हीरा नगर ने बताया है कि करनी सेना को 3 से 5 बजे तक ही रैली की अनुमति मिली थी। ये समय से पहले रैली निकाल रहे थे इसलिए इन्हें यहां रोक दिया गया।

## बदमाश को चेक करने गए हेड कॉन्स्टेबल को लोगों ने घेर लिया

**शाकाल भाग निकला**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सदर बाजार इलाके में 24 आपराधिक मामलों में लिप्त एक बदमाश को चेक करने गए हेड कॉन्स्टेबल को करीब 10 से अधिक लोगों ने घेर लिया। चेकिंग के नाम पर आरोप लगाते हुए गुंडों ने उसे मौके से भगा दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। हालांकि अधिकारियों ने इस वीडियो को पुलिस की रूटीन चेकिंग का हिस्सा बताया है। मौके से हेड कॉन्स्टेबल को धक्का देकर भागे बदमाश की तलाश जारी है।**

यह घटना 11 दिसंबर की रात सदर बाजार कब्रिस्तान के पास हुई थी। शाकाल नाम का बदमाश देर रात आग ताप रहा था। इसी दौरान सदर बाजार थाने के हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र राठौर अपने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने शाकाल की चेकिंग की, जिस पर वह बिफर गया और हेड कॉन्स्टेबल को रोकने लगा। साथ ही अन्य साथियों से हेड कॉन्स्टेबल का वीडियो बनवाने लगा। हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र ने अकेले ही शाकाल की पकड़ बनाई और टीआई सहित थाने के बल को मौके पर बुलाने की बात कही। इस दौरान शाकाल ने पुलिसकर्मी धीरेन्द्र को धक्का देकर भाग निकला। बाद में टीआई यशवंत बडोले ने मामले की जानकारी ली। एसीपी विवेक सिंह ने बताया कि यह पुलिस की रूटीन चेकिंग का हिस्सा है। आरोपी शाकाल एक हिस्ट्रीशीटर है और हेड कॉन्स्टेबल अपनी ड्यूटी कर रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के अनुसार ऐसे बदमाशों की चेकिंग करना आवश्यक है। हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र राठौर ने कहा कि उन्होंने बदमाश को रोककर उसकी चेकिंग की। उन्हें शंका थी कि उसके पास कोई हथियार या नशा हो सकता है। शाकाल ने पुलिसकर्मी को धक्का देकर भागने की कोशिश की, लेकिन वह वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश का पालन कर रहे थे।



## पिकनिक जा रही स्कूल बस नदी में गिरी

**गंजबासौदा, एजेंसी।** रविवार सुबह ग्राम जोहद के पास सगड़ नदी के 12 फीट ऊंचे पुल से एक स्कूली बस नीचे गिर गई। यह बस हायर सेकेंडरी स्कूल बहादुरपुर के स्टूडेंट्स और स्टाफ को सांची पिकनिक पर ले जा रही थी। हादसे में 28 बच्चे घायल हुए हैं। कुल 45 बच्चे स्कूल से रवाना हुए थे। जानकारी के मुताबिक, नदी का पुल संकरा है। सामने से आ रहे एक वाहन को रास्ता देने दौरान ड्राइवर ने बस को किनारे किया। इसी दौरान बस बेकाबू होकर सीधे नदी में जा गिरी। घटना के बाद बच्चों की चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और नटेरन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने फौरन बस से बच्चों को बाहर निकालना शुरू किया। बच्चों की बस सुबह 8 बजे सांची के लिए निकली थी। हादसा बहादुरपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर नटेरन थाना क्षेत्र में सुबह साढ़े 10 बजे हुआ।

## बाइक-ट्रक की टक्कर दो युवकों की मौत

**मंडला, एजेंसी।** मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर रविवार शाम एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। यह हादसा बिछिया और सिझोरा के बीच स्थित ग्राम गुनेरा के पास हुआ। बाइक सवार सिझोरा से बिछिया की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद से ही आरोपी ड्राइवर फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोनू पिता देव सिंह धुर्वे (19), निवासी डूंगरा और सियाराम पिता चमरा कुशराम (32) निवासी घुघरा टोला एक बाइक से तेरहवीं का न्योता देने गए थे। लौटते समय रविवार शाम करीब 6:30 बजे पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक ट्रक के पहियों के बीच फंस गए।

## झोपड़ी में आग, जिंदा जला 4 महीने का मासूम

**दमोह, एजेंसी।** दमोह में चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग ने पूरी झोपड़ी को जला दिया। इसमें चार महीने का बच्चा भी जिंदा जल गया। घटना शनिवार शाम की है। देहात थाना पुलिस के मुताबिक, घटना बांसा तारखेड़ा गांव के चिथरयाऊ टोला की है। मृत बच्चे की पहचान निशांत गौड़ के रूप में हुई। रविवार को बच्चे का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार, जितेंद्र गौड़ पथरयाऊ टोला गांव में शैलेंद्र तिवारी के खेत में सिंचाई के लिए ठेका लिए था। वहीं पर झोपड़ी बनाकर रहता था। उसका पूरा परिवार भी देखरेख के लिए खेत पर आ जाता था। शनिवार रात जितेंद्र अपनी पत्नी धना बाई के साथ खेत में पानी दे रहा था। झोपड़ी में उसका चार माह का बच्चा निशांत और दो साल का बेटा डब्बू (गुड्डू) सो रहा था।

## बेटे की शादी के मंडप में पिता को हार्ट अटैक

**आगर मालवा, एजेंसी।** आगर मालवा की नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में रविवार को 551 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। इसमें दो लाख से अधिक लोग पहुंचे। सुबह से ही शहर में वाहनों का लगातार प्रवेश जारी रहा। गायत्री परिवार के 551 से अधिक पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह कराए। आयोजन के दौरान दुखद घटना भी सामने आई। तनोड़िया निवासी एक दूल्हे के पिता महेश कादरा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। व्यवस्थाओं के लिए लगभग 5 हजार स्वयंसेवक तैनात थे। उन्होंने अतिथियों के मार्गदर्शन, विवाह मंडप और भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। सम्मेलन में एक दूल्हा बैलगाड़ी में सवार होकर अपने मित्रों और परिजन के साथ विवाह स्थल पर पहुंचा, जिसने पारंपरिक माहौल को जीवंत कर दिया। इसके अतिरिक्त एक दिव्यांग सहित 4 जोड़ों को हेलिकॉप्टर से पूरी विधानसभा का भ्रमण कराया गया, जिसे एक विशेष पहल के रूप में सराहा गया।

## 5 साल की बच्ची से रेप, केस दर्ज

**सीधी, एजेंसी।** सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र में एक 5 वर्षीय बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना के एक घंटे के भीतर ही 30 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना रविवार शाम करीब 4 बजे की है। बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसने रोते हुए अपनी मां को पूरी घटना बताई। मां ने तत्काल रामपुर नैकिन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। महिला एसआई आशा सिलावट के साथ में 6 पुलिसकर्मियों की एक टीम गठित की गई, जिसने आरोपी की तलाश की।

# मप्र में अब घना कोहरा... मुरैना-रायसेन में विजिबिलिटी 50 मीटर

### आज 14 जिलों में अलर्ट, अगले 3 दिन शीतलहर नहीं चलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ अब घना कोहरा भी असर दिखाने लगा है। सोमवार सुबह प्रदेश के कई जिलों में सीजन का पहला घना कोहरा देखने को मिला, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।**



मुरैना जिले में सर्द हवाओं के चलते आज सीजन का पहला कोहरा छाया रहा। यहां विजिबिलिटी करीब 50 मीटर तक सिमट गई। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायसेन में भी इस सीजन का पहला घना कोहरा देखने को मिला। विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर रह गई, जिससे वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। भोपाल में भी तेज ठंड के बीच कोहरे की आमद हुई। टीकमगढ़ में भी मौसम का पहला कोहरा दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर और रीवा संभाग के 14 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। चेतावनी वाले जिलों में ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। इससे पहले रविवार को भी प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कोहरा छाया रहा। प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 17 दिसंबर से फिर नया सिस्टम, ठंड बढ़ेगी

मौसम विभाग के अनुसार, नए नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) 17 दिसंबर की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। जिसका असर एमपी में अगले दो-तीन दिन में दिखाई देने लगेगा। इससे ठंड का असर फिर से बढ़ जाएगा।

## ब्राह्मण समाज की पुलिस से धक्कामुक्की-झड़प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। रविवार सुबह प्रदर्शनकारी रोशनपुरा चौराहे पर इकट्ठा हुए। नारेबाजी करते हुए सीएम हाउस की ओर बढ़े। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्कामुक्की करने लगे।



ग्वालियर के एडवोकेट अनिल मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी, वर्मा की तत्काल गिरफ्तारी और सेवा से बर्खास्तगी की मांग कर रहे थे। वे रोशनपुरा चौराहे पर पुलिस घेराबंदी तोड़ते हुए बाणगंगा चौराहे तक पहुंच गए। यहां 4 लेयर की बैरिकेडिंग के बावजूद आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। पुलिस ने तीन बार चेतावनी दी, फिर स्थिति संभालने के लिए वॉटर कैनन चलानी पड़ी। धक्का-मुक्की के दौरान कई बुजुर्ग और महिलाएं घायल हो गईं। मौके पर मौजूद एम्बुलेंस और मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार दिया। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। प्रदर्शनकारियों को गाड़ियों में भरकर पुलिस रातीबड़ ले गई। यहां तितर-बितर करने के बाद प्रदर्शन शांत किया जा सका।

## मेरा इस्तीफा मांगने वाला विपक्ष कौन होता है?



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई और बहनोई के गांजा तस्करी में पकड़े जाने के बाद पहली दफा वे कैमरे के सामने बोली हैं। डिंडौरी में बैठक के बाद जब मीडिया ने उनसे सवाल पूछा कि विपक्ष इस्तीफा मांग रहा है तो उन्होंने तपाक से कहा कि मेरा इस्तीफा मांगने वाला विपक्ष कौन होता है?**

भाई और बहनोई के गांजा तस्करी में फंसने के बाद विपक्ष के निशाने पर आईं राज्यमंत्री और डिंडौरी की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी रविवार को अपने प्रभार वाले जिले में अलग ही तेवर में नजर आईं। यहां जिला योजना समिति की बैठक और सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने इस्तीफे की मांग को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, विपक्ष कौन होता है इस्तीफा मांगने वाला? वहीं, मंत्री के दौरे का विरोध करने और उन्हें काले झंडे दिखाने की तैयारी कर रहे युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों को पुलिस ने प्रदर्शन से पहले ही गिरफ्तार कर लिया।

### फिर विवादों में मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह का बयान

# अब निशाने पर आई लाड़ली बहनें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** अपने बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले मध्य प्रदेश के वनमंत्री विजय शाह एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा का विषय लाड़ली बहना योजना पर दिया गया बयान हैं। दरअसल, रतलाम में जिला योजना समिति की बैठक में मंत्री शाह ने मध्य प्रदेश की लाडली बहनों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले उन्होंने कर्नल सोफिया पर विवादित टिप्पणी की थी , जिसके बाद सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक बवाल मचा था और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।



मौका था रतलाम में जिला योजना समिति की बैठक का । प्रभारी मंत्री होने के नाते मंत्री विजय शाह एक बैठक की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जब मुख्यमंत्री के रतलाम में होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम में भीड़ जुटाने को लेकर भी चर्चा हुई। विजय शाह ने उपस्थित लोगों से पूछा कि रतलाम में कितनी लाडली बहनें हैं। इस पर अधिकारियों ने संख्या लगभग ढाई लाख बताई और मंत्री के सवाल के जवाब के तौर पर कहा कि इनमें से करीब 50 हजार बहनें कार्यक्रम में आ जाएंगी।लाड़ली बहनों की उपस्थिति को स्पष्ट करने की बात को कहते हुए विजय शाह ने कहा कि "हम हर लाडली बहनों को 1500 दे रहे हैं और ऐसे में मुख्यमंत्री का सम्मान साल में एक बार करने के लिए बहनों को आना चाहिए", आगे की बात कहते हुए शाह ने कहा "जो बहनें आती हैं वह ठीक है बाकी के मामलों को पेंडिंग कर दो और ऐसे में वह खुद आ जाएगी"। मंत्री ने मंच से कहा—"सरकार 1500 रुपए के हिसाब से करोड़ों रुपए दे रही है। तो दो साल में एक बार धन्यवाद तो बनता है। भोजन हम करा देंगे। जो नहीं आएंगी, फिर देखते हैं"। इसके बाद मंत्री ने बेहद विवादास्पद बयान देते हुए कहा—"जिनके ढाई-ढाई सौ बढ़ रहे हैं, उनकी जांच करेंगे। किसी का आधार लिंक नहीं है तो जांच थोड़ी पेंडिंग कर देंगे। मतलब वो पेंडिंग हो ही जाएंगी। फिर सब आएंगी। मंत्री के बयान के बाद बैठक में मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि असहज नजर आए।

## संपादकीय

# डीजल युग का अंत भारतीय रेलवे की 'हरित क्रांति'

भारतीय रेलवे अपनी विद्युतीकरण (इलेक्ट्रिफिकेशन) योजना में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक इसके 99 प्रतिशत से ज्यादा ब्रॉड-गेज नेटवर्क को इलेक्ट्रिफाई किया जा चुका है और बाकी के हिस्सों का विद्युतीकरण जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी रविवार को दी। रेल मंत्रालय के अनुसार, ''पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में काफी तेजी से प्रगति हो रही है। वर्ष 2019 से 2025 के बीच भारतीय रेलवे ने 33,000 किलोमीटर से ज्यादा रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया, यानी हर दिन औसतन 15 किलोमीटर से ज्यादा रेलवे ट्रैक को इलेक्ट्रिफाई किया। इस दौरान इलेक्ट्रिफाई की गई दूरी लगभग जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है, जो भारत की इस योजना की गंभीरता और दायरे को दर्शाता है।'' चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और नौसेना लगातार इस इलाके में अपना दबदबा बढ़ाने की फिराक में रहती है। चीन ने भारत तक पहुंचने वाले हर चेक पॉइंट्स जैसे मलक्का की खाड़ी, सुंडा और लंबक की खाड़ी में अपनी नौसेना की मौजूदगी बढ़ा रखी है, साथ ही म्यामार के कोको द्वीप पर मिलिट्री फैसिलिटी बनाई है। अब भारत भी इसी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। यह उपलब्धि भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन देशों से कहीं आगे है, जिनकी पहले से मजबूत रेलवे प्रणालियां हैं। भारत ने अपनी ब्रॉड-गेज प्रणाली के अधिकांश हिस्से को इलेक्ट्रिफाई किया है, जबकि दुनिया के कई बड़े और व्यस्त नेटवर्क अभी भी डीजल इंजन पर निर्भर हैं। इस बदलाव के कारण डीजल की खपत में कमी आई है, उत्सर्जन घटा है, ऑपरेशनल खर्च कम हुआ है और ट्रेन ऑपरेशन की कुशलता और गति में सुधार हुआ है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद में बताया था कि भारतीय रेलवे अब अपनी ट्रैक्शन पावर की जरूरतों को सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना और पर्यावरण को बचाना है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2025 तक भारतीय रेलवे ने 812 मेगावाट सौर ऊर्जा और 93 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए हैं, जो रेलवे की ट्रैक्शन पावर की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इसके अलावा, रेलवे ने 1,500 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने का भी इंतजाम किया है, जिसमें सौर, पवन और स्टोरेज तकनीकें शामिल हैं। रेलवे अब थ्री-फेज आईजीबीटी टेक्नोलॉजी आधारित लोकोमोटिव (मोटर) भी बना रहा है, जो एनर्जी को रि-जेनरेट कर सकती है, यानी ब्रेकिंग के दौरान उपयोग की गई ऊर्जा का कुछ हिस्सा फिर से वापस पैदा कर सकती है।

## सैर सपाटा

# दुबई में नया साल मनाने के टोटल कितने रुपए लगेंगे?

## देखें 5 दिनों की ट्रिप का पूरा प्लान!

साल 2025 खत्म होने वाला है, और अभी से लोग नए साल के वेलकम की तैयारी में जुट गए हैं। आप अगर आप भी नए साल के वेलकम के लिए कोई फॉरेन ट्रिप प्लान कर रहे हैं, तो इसके लिए दुबई बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह शहर सिर्फ ऊँची इमारतों और लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए ही नहीं, बल्कि साफ-सुथरे बीच, खूबसूरत मॉडर्न अट्रैक्शन, पुराने कल्चर और नए साल के शानदार सेलिब्रेशन के लिए भी जाना जाता है। दुबई में नया साल मनाना आपके लिए एक खूबसूरत अनुभव हो सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसे आसानी से एक प्लान्ड बजट में कवर किया जा सकता है। चलिए जानते 5 दिन के दुबई ट्रिप में आप क्या-क्या एंजॉय कर सकते है और इस ट्रिप का बजट कितना आयेगा।



### ● दुबई के पहले दिन डाउनटाउन की खूबसूरती को महसूस करें

दुबई ट्रिप के पहले दिन की शुरुआत आप डाउनटाउन से करें, जहाँ शहर की मॉडर्न लाइफ सबसे ज्यादा दिखाई देती है। सुबह 'म्यूजियम ऑफ द फ्यूचर' और दुबई मॉल देखने जाएँ। ये दोनों जगहें आपको शहर के फ्यूचरिस्टिक और ग्लैमरस माहौल का पहला अनुभव देंगी। शाम को आप बुर्ज खलीफ़ा के टॉप व्यू प्वाइंट से पूरे शहर की खूबसूरती को देख सकते हैं। इसके बाद दुबई के फाउंटेन शो और Downtown Boulevard की नाइट वाइब्स आपकी शाम को और खास बना देंगी। अगर समय बचे तो आप मिरेकल गार्डन या ग्लोबल विलेज भी जा सकते हैं।

### ● दूसरा दिन – JBR और मरीना का रिलैक्सिंग एक्सपीरियंस

दुबई में दूसरा दिन थोड़ा आराम और बीच वाइब के नाम कर दें। सुबह JBR बीच पर समय बिताएँ और मरीना मॉल में घूमकर वहाँ के कैफे और शॉप्स का मजा लें। शाम होते-होते JBR वॉक की लाइफ और कैफे हॉपिंग का मजा लें। इसके बाद स्कूटर से ब्लू वाटर आइलैंड जाना आपको एक अलग ही फील देगा, जहाँ से रात का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है।

### ● तीसरा दिन – डेजर्ट सफारी का रोमांच

सुबह आप आया यूनिवर्स या स्की दुबई में से किसी एक जगह जाएँ। ये दोनों इनडोर फन के लिए बेहतरीन हैं और इन्हें एंजॉय करने के बाद एमिरेट्स मॉल में घूमने के लिए जाएं। दोपहर और शाम का पूरा समय डेजर्ट सफारी को दें, जिसमें dune bashing, ATV राइड, sand boarding, डांस शो और डिनर शामिल होता है। यह दुबई ट्रिप का सबसे यादगार पार्ट होगा।

### ● चौथा दिन – ओल्ड दुबई की सादगी और कल्चर

एक दिन दुबई के पुराने हिस्से को जरूर देना चाहिए। सुबह दुबई फ्रेम देखने जाएँ या फिर बुरजुमान मॉल में थोड़ी बहुत शॉपिंग करें। शाम को दुबई सूक, गोल्ड सूक और अल सीफ की खूबसूरत गलियों में चलकर पुराने दुबई की खूबसूरती को महसूस करें। यह इलाका बहुत ही एस्थेटिक है। इसके बाद क्रिक एरिया और बोट क्रॉसिंग के छोटे सफर के साथ दिन को पूरा करें।

### ● पाँचवाँ दिन – पॉम जुमेराह का खूबसूरत अनुभव

दुबई ट्रिप के अंतिम दिन पॉम जुमेराह जाएँ। सुबह पूरे आइलैंड का खूबसूरत नजारा देखें और औरा स्काईपूल की शानदार एंबिएंस का आनंद लें। शाम को The Pointe की रोशनी और फाउंटेन शो का आनंद उठाएं। इसके बाद मोनोरेल राइड लेकर पाम के आखिरी पॉइंट तक पहुँचें और इस खूबसूरत आइलैंड का पूरा चार्म महसूस करें।

### 5 दिन के दुबई ट्रिप का पूरा खर्च

दुबई की पाँच दिन की यात्रा का औसत खर्च लगभग 59,000 से 64,000 रुपये के बीच आता है। राउंडट्रिप फ्लाइट लगभग 20,000 रुपये में मिल जाती है। वीजा का खर्च लगभग 6500 रुपये है, लेकिन अगर आपके पास US वीजा है, तो सिर्फ 2500 रुपये ही लगेंगे। अगर आप ट्विन शेयरिंग में रूम लेते हैं, तो पाँच रातों के होटल का खर्च प्रति व्यक्ति लगभग 12,500 रुपये पड़ता है।

खाने का खर्च रोज 1500 से 2500 रुपये के बीच आता है, जो कुल मिलाकर लगभग 7500 से 12,500 रुपये होता है। सात दिनों का NOL कार्ड लगभग 2530 रुपये में मिल जाता है, जिससे शहर में घूमना आसान हो जाता है। सभी एक्टिविटीज मिलाकर लगभग 10,000 रुपये और थोड़ा बहुत इधर उधर का खर्च लगभग 1000 रुपये जोड़कर कुल बजट लगभग 60 से 64 हजार रुपए के बीच बैठा जाता है।

New Delhi

# दिल्ली-NCR में धुंध में डूबीं सड़कें, फॉग और स्मॉग से विजिबिलिटी हो गई जीरो, अक्षरधाम में 493 पहुंचा AQI

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है. मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिन भी दिल्ली पंजाब हरियाणा चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश में घने कोहरे की संभावना है. वहीं, दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानी इलाकों में घने कोहरे और कम हवाओं के कारण आसमान में धुंध की मोटी चादर छाई हुई है, जिससे विजिबिलिटी जीरो हो गई है. जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं.

CPCB के अनुसार, शहर के कई प्रमुख इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 'सीवियर' श्रेणी में पहुंच गया है जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर



रहा है. CPCB के अनुसार, बड़ाखंबा रोड पर AQI 474 दर्ज किया गया, जो 'सीवियर' श्रेणी में आता है. यहां स्मॉग इतना घना हो गया है कि दृश्यता बेहद कम हो गई है और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसी तरह पंडित पंत मार्ग पर AQI 417 रहा, जबकि सरदार पटेल मार्ग पर यह 483 तक पहुंच गया- दोनों ही 'सीवियर' स्तर पर हैं. इन इलाकों से आई तस्वीरों में स्मॉग की मोटी परत साफ दिखाई दे रही है, जिसमें इमारतें और वाहन धुंध में गुम हो गए हैं. दिल्ली का समग्र AQI भी 450 के आसपास बना हुआ है जो इस सर्दी की सबसे खराब स्थिति में से एक है. कम हवाओं की गति, कोहरे और प्रदूषकों के फंसने के कारण स्मॉग बढ़ रहा है.

Bihar

एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या से इलाके में सनसनी

## यहां फंदे से लटके मिले पिता और तीन पुत्रियां




**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी) मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रौलिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गोपी कार बाजार के समीप एक घर से एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव एक साथ मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में पिता और उसकी तीन नाबालिग बेटियां शामिल हैं। सभी के शव घर के भीतर फंदे से लटके पाए गए। मृतक की पहचान अमरनाथ राम (36 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, उनकी बेटियां अनुराधा कुमारी (12 वर्ष), शिवानी कुमारी (11 वर्ष) और राधिका कुमारी (8 वर्ष) भी इस दर्दनाक घटना का शिकार हुई हैं।**

घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, अमरनाथ राम लंबे समय से कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी दबाव में आकर उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। हालांकि पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है और हर पहलू पर पड़ताल जारी है। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

New Delhi

## ऑनलाइन शॉपिंग में खरीदा 5 ग्राम Gold Coin, डिलिवरी में निकला 1 रुपये का सिक्का, वीडियो हुआ वायरल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑनलाइन शॉपिंग में सामान बदलने या फिर नकली सामान डिलिवरी की बहुत सी घटनाओं को सुना या फिर पढ़ा होगा. आज आपको एक नया मामला बताने जा रहे हैं. दरअसल, यह मामला 5 ग्राम के गोल्ड कॉइन के बारे में है. आइए इसके बारे में डिटेल्स में जानते हैं. दरअसल, मामला इंटरनेट पर वायरल हो चुका है. एक शख्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करके दावा किया है कि उसने स्विगी इंस्टामार्ट की मदद से एक 5 ग्राम का गोल्ड कॉइन ऑर्डर किया और जब उनके घर पर डिलिवरी हुई और बॉक्स को ओपन किया तो वहां 1 रुपये का सिक्का मिला है. इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करके दी है. पोस्ट में बताया है कि उनका ऑर्डर कैंसिल हो चुका है और उनके रुपये भी उनको वापस कर चुके हैं. पोस्ट में बताया कि उन्होंने सोने के सिक्के की डिलिवरी का उन्होंने पूरा वीडियो बनाया है, जिसको पोस्ट भी किया है. सावधानी के लिए आप भी अपने डिलिवरी पार्सल को डिलिवरी पार्टनर के सामने ही ओपन करें और उसका वीडियो बनाएं.

Uttarpradesh

## बहनोई का कत्ल कर बोरे में भर नहर में फेंकी लाश, बेरहमी से कूंचा गया सिर

**प्रयागराज, (एजेंसी)** यूपी के कौशांबी में एक युवक की हत्याकर लाश बोरे में भरकर फेंक दी गई। आरोप है कि साले ने ही अपने दो साथियों के साथ मिलकर सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह मवई गांव स्थित सूखी नहर में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सरायअकिल थाना क्षेत्र के ककरहाई मजरा कूरा बसुहार निवासी 30 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र धर्मपाल सऊदी अरब में वेल्डिंग का काम करता था। करीब तीन महीने पहले वह घर आया था। पिता ने बताया कि शुक्रवार रात सुरेंद्र बाइक से निकला। काफी देर तक नहीं लौटा तो खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच रविवार सुबह मवई गांव स्थित सूखी नहर में उसकी बोरे में भरी लाश पड़ी मिली। मृतक के



सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। इससे अनुमान लगाया गया कि किसी वजनी वस्तु से सिर कूंचकर हत्या की गई है। शव के पास ही युवक की बाइक भी पड़ी थी। जानकारी पर एसपी राजेश कुमार, एएसपी राजेश कुमार सिंह पुलिस फोर्स व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीएसपी ने बताया कि मृतक के पिता ने बेटे के साले कौशाम्बी थाना क्षेत्र के मढ़ी गांव निवासी गुड्डू और उसके दो साथियों पर हत्या का मुकदमा कायम कराया है।

खेल

गेंदबाजों के बाद अभिषेक का दिखा दम

# धर्मशाला में भारत ने T20 में लगाई जीत की हैट्रिक, हासिल की बढ़त

**धर्मशाला, (एजेंसी)** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी थी। भारत ने फिर 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक ने 18 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए।

भारत ने इसके साथ ही धर्मशाला में जीत की हैट्रिक लगा ली है। भारत ने धर्मशाला के इस मैदान पर लगातार तीसरा टी20 मुकाबला जीता है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला जीतने से पहले 2022



में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैच जीते थे।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और शुभमन गिल ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। इस साझेदारी को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। भारत ने एक बार फिर प्रयोग किया और तीसरे स्थान पर सूर्यकुमार की जगह तिलक वर्मा को उतारा। तिलक और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की, लेकिन मार्को यानसेन ने गिल को बोल्ड कर दिया। गिल 28 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर असफल रहे और 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तिलक और शिवम दुबे ने भारत की जीत की औपचारिकता पूरी की। तिलक 34 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 25 रन और शिवम चार गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 10 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और कॉर्बिन बॉश को एक-एक विकेट मिला। एनगिडी को भले ही एक सफलता मिली, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। एनगिडी ने अब तक राष्ट्रीय टीम के लिए 77 विकेट लिए हैं और उन्होंने कगिसो रबाडा की बराबरी कर ली है।

भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इस दौरान टी20 में 4000 रन पूरे किए। तिलक सबसे तेजी से टी20 में 4000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। तिलक ने 125 पारियों में ऐसा किया है और उन्होंने इस मामले में शुभमन गिल और विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है।

सिनेमा

## 'मेरे सिर से खून बह रहा है', TV एक्टर अनुज सचदेवा संग हुई मारपीट, शख्स ने डंडे से पीटा



टीवी एक्टर अनुज सचदेवा ने फैंस के साथ एक शॉकिंग वीडियो शेयर किया है. 14 दिसंबर की रात उन पर हमला हुआ है. ये अटैक उनके मुंबई स्थित गोरेगांव सोसायटी में रहने वाले एक शख्स ने किया है. शख्स का दावा है कि अनुज के पेट डॉग ने उन्हें काटा. जिसके बाद उसने गुस्से में एक्टर संग गाली गलौच और मारपीट की. अनुज ने शख्स का उनके साथ मारपीट करते हुए वीडियो प्रूफ के तौर पर इंस्टा पर शेयर किया है. वीडियो में शख्स अनुज को मारने के लिए दौड़ता नजर आया है. वो डंडे से अनुज पर कई बार हमले करता है. गुस्से में शख्स कहता है- कुत्ते से कटवाएगा? जान से मार दूंगा इसे. ये लड़ाई देख वहां पर सिक्योरिटी गार्ड आते हैं, और मारपीट करने वाले शख्स को लेकर जाते हैं. अनुज ने शख्स की हरकत को अपने कैमरे में कैद किया. वो कहते हैं- इस आदमी ने मुझे मारा है डंडे से. असॉल्ट किया है. इसने मुझे मारने की कोशिश की है. फैंस अनुज संग सरेआम हुई इस मारपीट का वीडियो देखकर दंग हैं. कैप्शन में अनुज ने लिखा- इससे पहले कि ये आदमी मुझे नुकसान पहुंचाए या फिर मेरी प्रॉपर्टी को डैमज करे, मैं इस वीडियो को सबूत के तौर पर पोस्ट कर रहा हूं. इसने मुझे और मेरे डॉगी को रॉड से मारने की कोशिश की.

## Highlights

1. **Shah's hands were shivering while clarifying vote theft: Rahul**
2. **India never allowed its soil to be used against Dhaka: Govt on Bangladesh's allegations**
3. **Stale noodles sold for ₹300, water for ₹200 at Messi's Kolkata event, BJP shares video**
4. **Shah's hands were shivering while clarifying vote theft: Rahul**
5. **Govt explains how Indians can have 4-day work week**

# Rupee hits new all-time low of 90.72 vs Dollar with India-US trade deal in limbo



**NEW DELHI, (Agency).** The Indian rupee fell to a new record low on Monday against the US dollar as uncertainty continues to surround a India-US trade deal and persistent foreign fund outflows.

The rupee fell to 90.72 against the US dollar in intraday trade, after opening at 90.53. The rupee had dropped to close at an all-time low of 90.49 against the dollar on Friday. The dollar index, which measures the greenback's strength against a basket of six currencies, was down 0.05% at 98.35.

According to forex traders, the rupee is trading under pressure as investors remain cautious and are adopting a wait-and-watch approach, looking for signals on the India-US trade deal.

According to exchange data, foreign institutional investors sold equities worth ₹1,114.22 crore on Friday.

"FPIs continue to be in selling mode in equity and debt, while RBI has been selling dollars to fund their long positions," Anil Kumar Bhansali, head of treasury and executive director at Finrex Treasury Advisors LLP, told PTI.

The rupee is heading towards its sharpest yearly fall since 2022, dragged by multiple external factors, including uneven foreign portfolio flows and 50% US on Indian exports, according to a previous HT report. Analysts warn that failure to secure a trade deal with Washington could push the rupee to further losses in the coming months.

# SBI reduces lending rates by up to 25 bps to pass on RBI rate cut benefits

**NEW DELHI, (Agency).** State Bank of India has reduced its lending rate by up to 25 basis points to pass on to customers the benefit of the RBI repo rate cut announced last week. That makes loans cheaper for new and existing borrowers.

SBI's external benchmark-linked lending rate now stands at 7.90% as against 8.15% earlier—a downward revision of 25 bps. The marginal cost of funds-based lending rate has been reduced by 5 bps across tenors to 8.70%. The one-year maturity rate has been cut 5 bps to 8.75%. The base rate is down 10 bps at 9.9%. SBI has also decided to cut the fixed deposit rate by 5 bps for maturity period of two years to less than three years to 6.40%.




The new SBI lending rates are:
SBI EBLR: 7.90%, down 25 bps
SBI MCLR: 8.70%, down 5 bps
One-year maturity: 8.75%, down 5 bps
SBI base rate: 9.90%, down 10 bps
SBI FD rates: 6.40%, down 5 bps

The revisions comes into effect on Monday, 15 December 2025. One basis point is one-hundredth of a percentage point.

RBI Repo Rate Revision

On 5 December 2025, the RBI delivered its fourth rate cut of 2025 to reduce the benchmark repo rate to 5.25%.

"Despite an unfavourable and challenging external environment, the Indian economy has shown remarkable resilience," RBI Governor Sanjay Malhotra had said in his televised monetary policy speech. "The headroom provided by the inflation outlook has allowed us to remain growth supportive."

Other SBI Lending Rates

The interest rate on tenor scheme of '444 days' has been revised from 6.60% to 6.45% with effect from 15 December.

# पुलिस का चाइनीज मांझे पर सख्त अभियान

**● दो गोदाम और एक दुकान को किया सील**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में चाइनीज और प्रतिबंधित मांझे को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात 13 नंवबर को एमजी रोड थाना क्षेत्र में पुलिस ने दुकानों और गोदामों पर छापेमारी की। दो दुकानों और एक गोदाम को सील कर दिया गया। साथ ही जनता से अपील की गई कि अगर कहीं भी चाइनीज या प्रतिबंधित मांझे की बिक्री या स्टोरेज की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।**



एमजी रोड पुलिस पिछले कई दिनों से इलाके में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री को लेकर अभियान चला रही है। शनिवार रात को आठ दुकानों की जांच की गई और दो दुकानों तथा एक गोदाम पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया। पुलिस ने बताया कि चाइनीज मांझा न केवल निर्दोष पक्षियों के लिए जानलेवा साबित होता है, बल्कि राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और बच्चों के लिए भी गंभीर चोटों और मृत्यु का कारण बन सकता है। साथ ही, जनता से यह अपील भी की गई कि यदि उन्हें कहीं भी चाइनीज मांझा बेच रहा हो, स्टोर करके रखा हो या कोई इसका इस्तेमाल करते हुए दिखाई दे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दे। ऐसे गैर जिम्मेदार लोगों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोग स्थानीय पुलिस या क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर 7049108283 पर सूचना दें सकते है।

## फिर ट्रक का कहर, 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एमआर-10 पर एक ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। चालक ने ट्रक नहीं रोका और बाइक सवार फंसा गया। करीब 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। लोगों के शोर करने पर ट्रक रुका। बाइक सवार की हालत गंभीर है। उसके शरीर में फ्रेक्चर हुए हैं। हीरानगर पुलिस के मुताबिक हर्ष पुत्र राजू गोस्वामी निवासी



रामनगर घायल हुआ है। वह सियागंज में अकाउंटेंट की नौकरी करता है। ड्यूटी खत्म कर घर की तरफ जा रहा था। एमआर-10 ब्रिज पर ट्रक क्रमांक एमपी-09-जीजी- 7049 ने टक्कर मार दी। ट्रक काफी तेज रफ्तार में था। चालक ने ट्रक रोका नहीं और घसीटते हुए आग तक ले गया। 26 वर्षीय हर्ष की हालत गंभीर है।

## पान की दुकान पर बदमाशों ने किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया इलाके में पान दुकान संचालक दीपक चौरसिया पर बदमाशों ने हमला कर उसकी दुकान में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में आरोपी करण यादव और उसके साथियों के खिलाफ FIR दर्ज की।**

दीपक ने बताया कि आरोपी उसके साथ पुराना विवाद रखते थे। शनिवार को आरोपी दुकान पर आया और बाहर निकलने के लिए दबाव बनाने लगा। जब दीपक ने मना किया तो मारपीट की गई। आरोपी ने पेट्रोल भरी बोतल फेंकी और साथी ने आग लगा हुआ डंडा फेंक दिया। दीपक ने पीछे की तरफ भागकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों की



मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस के मुताबिक करण यादव पहले नजदीकी शराब के अहाते में काम करता था और एक-डेढ़ महीने पहले भी बिना पैसे दिए सामान लेने के मामले में उसने मारपीट की थी। उस समय भी पुलिस ने उस पर FIR दर्ज की थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक